एक से चार तक संख्या तीनों लिंगों में लिखी जाती है। उसके बाद पञ्च से आगे एक ही तरह से लिखी जाती है। पाँच से उन्नीस तक बहुवचन तथा बीस से आगे की संख्याओं के रूप केवल एकवचन में ही चलेंगे। विंशति शब्द के रूप एकवचन के लिए 'मति' शब्द के रूपों के अनुसार चलेंगे।

5. पञ्च

6. षट्

7. सप्त

8. अष्ट 

9. नव

10. दश 

11. एकादश 

12. द्वादश

13. त्रयोदश

14. चतुर्दश

15. पञ्चदश 

16. षोडश

17. सप्तदश

18. अष्टादश

19. नवदश/
एकोनविंशतिः

20. विंशतिः

अंक	संख्यावाचक शब्द	अंक	संख्यावाचक शब्द	अंक	संख्यावाचक शब्द
1	एक	2	द्वि	3	त्रि
4	चतुर्	5	पञ्चन्	6	षष (षड्/षट्)
7	सप्तन् (सप्त)	8	अष्टन् (अष्ट)	9	नवन् (नव)
10	दशन् (दश)	11	एकादश	12	द्वादश
13	त्रयोदश	14	चतुर्दश	15	पञ्चदश
16	षोडश	17	सप्तदश	18	अष्टादश
19	नवदश/एकोनविंशतिः	20	विंशतिः	21	एकविंशतिः
22	द्वाविंशतिः	23	त्रिविंशतिः/त्रयोविंशति	24	चतुर्विंशतिः
25	पञ्चविंशतिः	26	षड्विंशतिः	27	सप्तविंशतिः
28	अष्टाविंशतिः	29	नवविंशतिः/एकोनत्रिंशत्	30	त्रिंशत्
31	एकत्रिंशत्	32	द्वात्रिंशत्/द्वित्रिंशत्	33	त्रयस्त्रिंशत्
34	चतुस्त्रिंशत्	35	पञ्चत्रिंशत्	36	षट्त्रिंशत्
37	सप्तत्रिंशत्	38	अष्टात्रिंशत्	39	एकोनचत्वारिंशत्
40	चत्वारिंशत्	41	एकचत्वारिंशत्	42	द्वा/द्विचत्वारिंशत्
43	त्रिचत्वारिंशत्	44	चतुश्चत्वारिंशत्	45	पञ्चचत्वारिंशत्
46	षट्चत्वारिंशत्	47	सप्तचत्वारिंशत्	48	अष्टचत्वारिंशत्
49	नवचत्वारिंशत्/एकोनपञ्चाशत्	50	पञ्चाशत्	51	एकपञ्चाशत्
52	द्वि/द्वापञ्चाशत्	53	त्रि/त्रयः पञ्चाशत्	54	चतुःपञ्चाशत्
55	पञ्चपञ्चाशत्	56	षट्पञ्चाशत्	57	सप्तपञ्चाशत्
58	अष्टपञ्चाशत्	59	नवपञ्चाशत्/एकोनषष्टिः	60	षष्टिः
61	एकषष्टिः	62	द्विषष्टिः	63	त्रिषष्टिः
64	चतुष्षष्टिः	65	पञ्चषष्टिः	66	षट्षष्टिः
67	सप्तषष्टिः	68	अष्टषष्टिः	69	एकोनसप्ततिः/नवषष्टिः
70	सप्ततिः	71	एकसप्ततिः	72	द्वि/द्वासप्ततिः
73	त्रि/त्रयः सप्ततिः	74	चतुसप्ततिः	75	पञ्चसप्ततिः
76	षट्सप्ततिः	77	सप्तसप्ततिः	78	अष्टसप्ततिः
79	नवसप्ततिः/एकोनाशीतिः	80	अशीतिः	81	एकाशीतिः
82	द्वयशीतिः	83	त्र्यशीतिः	84	चतुरशीतिः
85	पञ्चाशीतिः	86	षडशीतिः	87	सप्ताशीतिः
88	अष्टाशीतिः	89	नवाशीतिः/एकोननवतिः	90	नवतिः
91	एकनवतिः	92	द्विनवतिः/द्वानवतिः	93	त्रयोनवतिः/त्रिनवतिः
94	चतुर्णवतिः	95	पञ्चनवतिः	96	षण्णवतिः
97	सप्तनवतिः	98	अष्टनवतिः	99	नवनवतिः/एकोनशतम्
100	शतम्				

ध्यातव्यम्

- विंशति, सप्तति, अशीति, नवति सभी के रूप मति के रूपों के अनुसार चलते हैं।
- शतम् के तथा बाद की संख्याओं के रूप नपुंसकलिंग में चलते हैं।

स्मरणीयाः बिन्दवः

1. संख्यावाची शब्द विशेषण होते हैं।
2. विशेष्य के अनुसार ही संख्यावाची शब्दों के लिंग, विभक्ति व वचन का प्रयोग होगा।
3. एक से चार तक की संख्या के शब्द रूप तीनों लिंगों में चलते हैं।
4. पञ्च से आगे की संख्या के शब्द रूप तीनों लिंगों में एक समान होते हैं।

प्रायोगिकाभ्यासः

I. अधोलिखितानां अङ्कानां कृते कोष्ठकात् उचितं पदं चित्वा लिखत।

(नीचे लिखी संख्याओं के लिए कोष्ठक से उचित पद चुनकर लिखिए।)

1. 65 = ... (पञ्चषष्टिः/षड्पञ्चाशत्)
2. 23 = ... (त्रिविंशतिः/द्वात्रिंशत्)
3. 39 = ... (त्रिनवतिः/नवत्रिंशत्)
4. 45 = ... (चतुर्पञ्चाशत्/पञ्चचत्वारिंशत्)
5. 49 = ... (चतुर्नवतिः/नवचत्वारिंशत्)
6. 58 = ... (पञ्चअशीतिः/अष्टपञ्चाशत्)
7. 10 = ... (दश/एकादश)

8. 15 = ... (पञ्चदश/पञ्चादश)

9. 79 = ... (नवसप्तति:/सप्तनवति:)

10. 80 = ... (अशीति:/अष्टादश)

11. 60 = ... (षष्टि:/षोडश)

12. 35 = ... (त्रिपञ्चाशत्/पञ्चत्रिंशत्)

13. 69 = ... (षड्नवति:/नवषष्टि:)

14. 99 = ... (नवनवति:/नवनवदश)

15. 100 = ... (लक्षम्/शतम्)

II. कोष्ठकात् उचितं संख्यापदं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत।

(कोष्ठक से उचित संख्या पद चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए।)

1. गृहे (2) ..... छात्रे गृहकार्यम् कुरुत:। (द्वौ/द्वे)

2. वृक्षे (2) ..... फले स्त:। (द्वौ/द्वे)

3. अत्र (2) ..... गजौ भ्रमत:। (द्वे/द्वौ)

4. एकस्मिन् हस्ते (1) ..... अङ्गुष्ठ: भवति। (एके/एक:)

5. सप्ताहे (7) ..... दिवसा: भवन्ति। (सप्ता:/सप्त)

III. अधोप्रदत्तानि चित्राणि गणयित्वा संस्कृतेन संख्यापदं लिखत।

(नीचे दिए गए चित्रों को गिनकर संस्कृत में संख्या पद लिखिए।)

1. = ...

2. = ...

3. = ...

4. = ...

5. = ...

6. = ...

7. = ...

8. = ...

9. = ...

10. = ...

9 कारकाः उपपदविभक्तयः च

संज्ञा-सर्वनाम आदि के जिस रूप से क्रिया के साथ उनका संबंध जाना जाए उसे कारक कहते हैं; जैसे–रमा भोजनम् पचति। प्रस्तुत उदाहरण में रमा एवं भोजनम् दोनों पदों का क्रिया पचति के साथ संबंध है, अतः ये दोनों कारक हैं।

कारक आठ होते हैं–

1. कर्ता 2. कर्म 3. करण 4. संप्रदान 5. अपादान 6. संबंध 7. अधिकरण 8. संबोधन

कारकों के अर्थ को व्यक्त करने वाले चिह्न कारक कहलाते हैं। कारक की विभक्तियाँ इन चिह्नों के स्थानों पर लगाई जाती हैं। विभक्तियाँ सात होती हैं। संबोधन कारक में कुछ परिवर्तन के साथ प्रथमा विभक्ति का ही प्रयोग होता है।

कारक	चिह्न	विभक्ति
1. कर्ता	ने (–)	प्रथमा
2. कर्म	को (–)	द्वितीया
3. करण	से (के द्वारा)	तृतीया
4. संप्रदान	के लिए	चतुर्थी
5. अपादान	से (अलग होने पर)	पंचमी
6. संबंध	का, के, की, रा, रे, री	षष्ठी
7. अधिकरण	में, पर	सप्तमी
8. संबोधन	हे, भो, अरे	——

प्रत्यय शब्दों तथा धातुओं के अंत में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता को उत्पन्न करने तथा अर्थ परिवर्तन करने का कार्य करते हैं। विभिन्न कारकों को व्यक्त करने के लिए मूल शब्दों में जो प्रत्यय लगाए जाते हैं, उन्हें विभक्ति कहते हैं। शब्दों में जब तक प्रत्यय नहीं लगते तब तक वे शब्द कहलाते हैं तथा प्रत्यय जुड़ने पर (रूप चलने पर) वे **पद** कहलाते हैं। इस तरह **अज** एक **शब्द** हुआ तथा **अज**, **अजस्य**, **अजम्** ये सब **पद** हुए। संस्कृत भाषा में बिना पद बनाए किसी भी शब्द या धातु का मूल रूप में प्रयोग नहीं हो सकता इसीलिए उनके रूप चलाए जाते हैं।

'एक बकरे ने' का संस्कृत अनुवाद करने लिए कारक चिह्नों का ध्यान करके हम प्रथमा विभक्ति लगाएँगे तथा वचन एकवचन रखेंगे तो पद बनेगा = अजः। इसी तरह यदि **अजस्य** पद का अर्थ ज्ञात करना हो तो हम कारक की सहायता से इसका चिह्न देखेंगे तथा विभक्ति और वचन भी देखेंगे। इसका कारक **संबंध**, चिह्न **का**, विभक्ति **षष्ठी** तथा वचन **एक** है। इस तरह पद का परिचय प्राप्त कर लेने पर हमें अर्थ का ज्ञान हो जाएगा='एक बकरे का'।

कारक की पहचान क्रिया से प्रश्न पूछकर भी की जा सकती है; यथा–कर्ता (प्रथमा विभक्ति) के लिए किसने, किन दो ने, किन सबने या कौन दो, कौन सब का उत्तर कर्ता होगा। इसी तरह संबंध कारक के लिए किसका, किसकी, किन दो का इत्यादि प्रश्नों के उत्तर संबंध कारक की पहचान हैं।

कारक-विभक्तयः–जो विभक्ति क्रियापद को ध्यान में रखकर लगाई जाए उसे कारक-विभक्ति कहते हैं। नीचे कारक तथा विभक्तियों का प्रयोग दिया जा रहा है। इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लीजिए।

1. **प्रथमा विभक्तिः** (कर्ता कारक), विभक्ति चिह्न–ने, (.....)

   कर्ता कारक में प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है।

   उदाहरण–सः ग्रन्थान् पठति। यहाँ तत् शब्द में प्रथमा विभक्ति एकवचन है तथा क्रिया कर्ता के अनुसार एकवचन में ही है।

   प्रथमा विभक्ति के प्रयोग के कुछ अन्य उदाहरण भी देख लीजिए–

   1. एषा छात्रा पुस्तकं पठति।
   2. सुप्रिया लेखं लिखति।
   3. सैनिकः देशं रक्षति।
   4. सुधीरः विदेशे गच्छति।
   5. मालाकारः पुष्पाणि त्रोटयति।
   6. अहम् उद्याने भ्रमामि।
   7. मम मित्राणि उद्याने क्रीडन्ति।
   8. बालिके ईशं नमतः।
   9. शिक्षकः छात्रान् पाठयति।
   10. छात्राः विद्यालये संस्कृतं पठन्ति।

2. **द्वितीया विभक्तिः** (कर्म कारक), विभक्ति चिह्न–को

   कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण–

   1. सः विद्यालयं गच्छति।
   2. संध्या लेखम् लिखति।
   3. बालः दुग्धं पिबति।
   4. रमा भोजनम् पचति।
   5. बाले चित्राणि पश्यतः।
   6. रामौ गृहम् गच्छतः।
   7. युवाम् भारं नयथः।
   8. त्वम् आचार्यात् किम् प्रश्नम् पृच्छसि?
   9. अहम् पत्रं पठामि।
   10. सुषमा चित्रम् रचयति।

3. **तृतीया विभक्तिः** (करण कारक), विभक्ति चिह्न–के द्वारा, से

   करण कारक में तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण–

   1. श्रीकृष्णः कंसम् मुष्टिकाप्रहारेण मारयति।
   2. व्याधः चटकम् बाणेन अमारयत्।
   3. छात्रः कारयानेन महाविद्यालयम् गच्छति।
   4. जनाः मुखेन वदन्ति।
   5. त्वम् कलमेन लिखसि।
   6. शिशुः क्रीडनकेन क्रीडति।
   7. बालाः पुष्पगुच्छैः प्राध्यापकस्य स्वागतं कुर्वन्ति।
   8. आवाम् कन्दुकेन क्रीडावः।
   9. मृगाः चरणैः धावन्ति।
   10. वयम् द्विचक्रिकया गृहम् गच्छामः।

4. **चतुर्थी विभक्तिः** (संप्रदान कारक), विभक्ति चिह्न–के लिए

   कर्ता जिसके लिए कार्य करता है, उसमें चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। उदाहरण–

   1. अम्बा पुत्राय ओदनं पचति।
   2. पिता सुतायै क्रीडनकं यच्छति।
   3. त्वम् वृद्धेभ्यः फलानि नयसि।
   4. अहम् ज्ञानाय गुरोः समीपं गच्छामि।

5. सूर्याः प्रकाशाय भवति।
6. वृक्षाः परोपकाराय फलन्ति।
7. भक्ताः दर्शनाय देवालयं गच्छन्ति।
8. कुक्कुराः भोजनाय इतस्ततः गच्छन्ति।
9. सैनिकाः देशरक्षायै तत्पराः भवन्ति।
10. काकः जलपानाय घटस्योपरि उपविशति।

5. पंचमी विभक्तिः (अपादान कारक) विभक्ति चिह्न–से पृथक्/से अलग

जिससे अलग हुआ जाए उसमें पंचमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण–

1. भल्लुकाः पर्वतात् अवतरन्ति।
2. वृक्षात् पत्राणि पतन्ति।
3. मेघेभ्यः वर्षा भवति।
4. वृक्षात् पत्रम् अपतत्।
5. वृक्षात् फलानि पतन्ति।
6. गगनात् पुष्पवर्षा भवति।
7. निर्झरात् निर्मलं जलं पतति।
8. बालकस्य हस्तात् लेखनी पतति।
9. शिशोः हस्तात् केशान् विमोचयति।
10. पादपात् पुष्पाणि मा त्रोटय।

6. षष्ठी विभक्तिः (संबंध कारक), विभक्ति चिह्न–का, के, की, रा, रे, री

जिस शब्द के साथ संबंध स्थापित किया जाए उसमें षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण–

1. इदम् सुपोषस्य पुस्तकम् अस्ति।
2. चन्द्रस्य प्रकाशः शीतलः भवति।
3. सूर्यस्य प्रकाशः उष्णः भवति।
4. कैलाशस्य लेखः सुन्दरः अस्ति।
5. ऋतुः मम भगिनी अस्ति।
6. पिकस्य स्वरः मधुरः भवति।
7. भो छात्रा! अद्य युष्माकम् अवकाशः अस्ति।
8. बृहस्पति तु देवानाम् गुरुः।
9. बृहस्पतिः देवानां गुरुः अस्ति।
10. संस्कृतम् भारतस्य भाषा अस्ति।

7. सप्तमी विभक्तिः (अधिकरण कारक), विभक्ति चिह्न–में, पर

क्रिया के आधार में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होता है। उदाहरण–

1. वृक्षे खगाः वसन्ति।
2. आकाशे विमानम् उत्पतति।
3. उद्यानेषु वृक्षाः सन्ति।
4. जनाः गृहे वसन्ति।
5. सरोवरे अनेके मीनाः सन्ति।
6. बालाः तरणताले तरन्ति।
7. चटकाः नीडेषु वसन्ति।
8. मम हस्तयोः पुष्पगुच्छः अस्ति।
9. निशायां सर्वत्र अंधकारः भवति।
10. वने सिंहः गर्जति।

8. सम्बोधन कारक, विभक्ति चिह्न–हे! भो! अरे!

बुलाने के लिए संबोधन कारक का प्रयोग होता है। इसमें कुछ परिवर्तन के साथ प्रथमा विभक्ति का ही प्रयोग होता है। उदाहरण–

1. भो सैनिकाः! यूयं देशं कथं रक्षथ?
2. हे दिव्ये! त्वं कुत्र गच्छसि?
3. हे पुत्री! आगत्य भोजनं कुरु।
4. हे देव! रक्षां कुरु।
5. हे छात्रौ! गृहकार्यं कुरुतम्।
6. हे श्रीमति! त्वं कार्यं मा कुरु।
7. हे मातः! अहं क्रीडनाय गच्छामि।
8. हे कवयः। यूयं कविताः पठत।
9. अरे धनिकौ! धनं यच्छतम्।
10. अरे! चायपानं कुरु।

उपपदविभक्तयः–कुछ प्रमुख उपपद विभक्तियों के नियम इस प्रकार हैं–

1. द्वितीया विभक्तिः

1. विना, नाना और पृथक् के साथ द्वितीया, तृतीया और पंचमी विभक्ति लगती है; जैसे–

सा पतिम्/पत्या/पत्युः विना न खादति।	वह पति के बिना नहीं खाती।
विना नारीम् गृहम् न शोभते।	नारी के बिना घर शोभा नहीं देता।

2. उभयतः, अभितः (दोनों ओर) के साथ द्वितीया विभक्ति लगती है; जैसे–

नदीम् उभयतः वृक्षाः।	नदी के दोनों ओर पेड़ हैं।
सरणिमभितः वृक्षाः।	सड़क के दोनों ओर पेड़ हैं।

3. परितः (चारों ओर) के साथ द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–

दुर्गम् परितः जलम्।	किले के चारों तरफ पानी है।

4. सर्वतः (सब ओर) के साथ भी द्वितीया विभक्ति लगती है; जैसे–

वृक्षं सर्वतः पुष्पाणि।	वृक्ष के सब ओर फूल हैं।

5. समया, निकषा (पास) के साथ द्वितीया विभक्ति लगती है; जैसे–

ग्रामम् समया पर्वताः सन्ति।	गाँव के पास पहाड़ हैं।
रामम् निकषा सीता तिष्ठति।	राम के पास सीता बैठी है।

6. प्रति (की ओर) के योग में भी द्वितीया विभक्ति होती है; जैसे–

छात्रः विद्यालयं प्रति गच्छति।	छात्र विद्यालय की ओर जाता है।

2. तृतीया विभक्तिः

1. सह (साथ) के साथ तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–

रामेण सह सीता गच्छति।	राम के साथ सीता जाती है।

2. साकम् (साथ) के साथ तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–

बालकेन साकम् गच्छ।	बालक के साथ जाओ।

3. सार्धम् (साथ) के साथ तृतीया विभक्ति लगती है; जैसे–

जनकः सुतायाः सार्धम् भोजनं खादति।	पिता पुत्री के साथ भोजन खाता है।

4. हीनः (रहित) के साथ तृतीया विभक्ति लगती है; जैसे–

विद्यया हीनः न शोभते।	विद्या से रहित शोभा नहीं पाता है।

5. अलम् (बस करो) के साथ भी तृतीया लगती है; जैसे–

अलम् कोलाहलेन।	कोलाहल मत करो।

3. चतुर्थी विभक्तिः–

1. √दा = देना, √स्पृह् = इच्छा करना, √असूय् = ईर्ष्या-द्वेष करना, √रुच् = अच्छा लगना, √क्रुध् = क्रोध करना तथा नमः, स्वस्ति और स्वाहा के साथ चतुर्थी विभक्ति लगती है; जैसे–

जनकः पुत्राय क्रीडनकम् यच्छति।	पिता पुत्र के लिए खिलौना देता है।
छात्राः ज्ञानाय स्पृहयन्ति।	छात्र ज्ञान चाहते हैं।

दुष्टाः साधुभ्यः असूयन्ति/ईर्ष्यन्ति। — दुर्जन सज्जनों से ईर्ष्या करते हैं।

मह्यम् रसगोलकाः रोचन्ते। तुभ्यम् किम् रोचते? — मुझे रसगुल्ले अच्छे लगते हैं। तुम्हें क्या अच्छा लगता है?

माता पुत्राय क्रुध्यति। — माता पुत्र पर क्रोध करती है।

गुरवे नमः। — गुरु को नमस्कार है।

श्रीगणेशाय नमः। — श्रीगणेश के लिए नमस्कार है।

इन्द्राय स्वाहा, जनेभ्यः स्वस्ति। — इन्द्र के लिए स्वाहा (आहुति), लोगों का कल्याण हो।

2. अलम् (पर्याप्त के अर्थ में) के साथ भी चतुर्थी विभक्ति लगती है; जैसे–

भारतीयः वीरः शत्रुभ्यः अलम्। — एक भारतीय वीर शत्रुओं के लिए काफी है।

4. पंचमी विभक्तिः–

1. भय जिससे लगे उसमें पंचमी विभक्ति लगती है; जैसे–

बालः सिंहात् बिभेति। — बालक शेर से डरता है।

2. √रक्ष् के साथ जिससे रक्षा की जाए उसमें पंचमी विभक्ति लगती है; जैसे–

रमणः बालकं दुष्टात् रक्षति। — रमण बालक को दुष्ट से बचाता है।

3. प्रमद् (आलस्य करना) के साथ पंचमी विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–

श्रमिकः परिश्रमात् न प्रमाद्यति। — छात्र परिश्रम से आलस्य नहीं करता।

4. ऋते (बिना) के साथ पंचमी विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–

ज्ञानात् ऋते न मुक्तिः। — ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं है।

5. पूर्वम् (पूर्व दिशा) के साथ पंचमी विभक्ति लगती है; जैसे–

विद्यालयात् पूर्वम् क्रीडाक्षेत्रः। — विद्यालय की पूर्व दिशा में खेल का मैदान है।

6. बहिः (बाहर) के साथ पंचमी विभक्ति होती है; जैसे–

कालिदासः गृहात् बहिः अगच्छत्। — कालिदास घर से बाहर गया।

7. अनन्तरम् (बाद में) के साथ भी पंचमी विभक्ति होती है; जैसे–

देवात् अनन्तरम् भक्तः खादति। — देवता के बाद भक्त खाता है।

8. परः (बाद में) के योग में भी पंचमी विभक्ति का ही प्रयोग होता है; जैसे–

पुत्रात् परः जनकः खादति। — पुत्र के बाद पिता खाता है।

5. षष्ठी विभक्तिः–

1. निर्धारण में षष्ठी विभक्ति होती है; जैसे–
   कवीनाम् कालिदासः श्रेष्ठः। — कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं।
2. उपरि के साथ षष्ठी विभक्ति लगती है; जैसे–
   वृक्षस्य उपरि वानराः कूर्दन्ति। — पेड़ के ऊपर बंदर कूदते हैं।
3. अधः के साथ षष्ठी विभक्ति लगती है; जैसे–
   वृक्षस्य अधः पथिकः स्वपिति। — पेड़ के नीचे पथिक सोता है।
4. अग्रे के साथ भी षष्ठी विभक्ति लगती है; जैसे–
   गृहस्य अग्रे वाटिका अस्ति। — घर के आगे बगीचा है।
5. पुरतः (सामने) के साथ षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है; जैसे–
   विद्यालयस्य पुरतः सरणिः अस्ति। — विद्यालय के आगे रास्ता है।
6. पृष्ठतः (पीछे) के साथ षष्ठी विभक्ति लगती है; जैसे–
   राज्ञः पृष्ठतः राज्ञी आगच्छति। — राजा के पीछे रानी आती है।

6. सप्तमी विभक्तिः–

1. निर्धारण में सप्तमी विभक्ति भी लग सकती है; जैसे–
   कविषु कालिदासः श्रेष्ठः। — कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं।
2. √स्निह् (स्नेह करना) या √अभिलष् के साथ सप्तमी विभक्ति लगती है; जैसे–
   माता बालके स्निह्यति/अभिलषति। — माता बालक पर स्नेह करती है।
3. कुशल, निपुण, पटु, प्रवीण (निपुण) के साथ सप्तमी विभक्ति लगती है; जैसे–
   छात्रेषु रामः कुशलः। — छात्रों में राम कुशल है।
   सा कार्येषु निपुणा। — वह कामों में निपुण है।
   सः गायने प्रवीणः। — वह गाने में प्रवीण है।
4. जिस पर विश्वास किया जाए उसमें सप्तमी विभक्ति लगती है; जैसे–
   माता बालके विश्वसति। — माता बालक पर विश्वास करती है।

ध्यातव्यम्

- सर्वनाम शब्दों के संबोधन रूप नहीं होते।
- एकवचन के कर्ता के साथ एकवचन की ही क्रिया का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- उपपद विभक्ति के नियम कारक विभक्तियों के नियमों से अलग होते हैं।
- साकम्, सह, सार्धम् का अर्थ एक होने के कारण सबके साथ एक ही नियम लगता है।
- 'अलम्' के दो अर्थ हैं तथा दोनों अर्थों के साथ अलग-अलग विभक्ति लगती है।

स्मरणीयाः बिन्दवः

1. विना, नाना तथा पृथक् पद के साथ द्वितीया, तृतीया या पंचमी कोई भी विभक्ति लग सकती है।
2. सर्वतः, परितः, प्रति के साथ द्वितीया विभक्ति लगती है।
3. अलम् निषेधार्थ में तृतीया विभक्ति लगती है।
4. क्रुध्/कुप् के साथ जिस पर गुस्सा किया जाए उसमें चतुर्थी विभक्ति लगती है।
5. सह, साकम्, सार्धम् में जिसके साथ क्रिया की जाए उसमें तृतीया विभक्ति लगती है।
6. 'भी' धातु के साथ जिससे डरा जाए उसमें पंचमी विभक्ति का प्रयोग होता है।
7. निर्धारण में षष्ठी तथा सप्तमी दोनों का प्रयोग होता है।

प्रायोगिकाभ्यासः

I. कोष्ठकगतशब्देषु उचितं विभक्तिं प्रयुज्य रिक्तस्थानानि पूरयत।

(कोष्ठक में दिए गए शब्दों में उचित विभक्ति का प्रयोग कर रिक्त स्थानों को भरिए।)

1. ..... भोजनं करोमि। (अस्मद्)
2. ..... देशं रक्षन्ति। (सैनिक)
3. वानराः ..... कूर्दन्ति। (वृक्ष)
4. वयम् ..... पश्यामः। (नेत्र)
5. अयम् ..... विद्यालयः अस्ति। (अस्मद्)
6. नराः ..... अवतरन्ति। (पर्वत)
7. ..... क्षेत्रेषु कार्यम् कुर्वन्ति। (कृषक)
8. नद्यः ..... वहन्ति। (परोपकार)
9. चित्रकारः ..... रचयति। (चित्र)
10. धावकाः ..... धावति। (चरण)

II. अशुद्धं पदं शुद्धीकृत्य वाक्यानि पुनः लिखत।

(अशुद्ध पद को शुद्ध करके वाक्यों को पुनः लिखिए।)

1. कपयः कदलीफलेन खादन्ति। .....
2. आकाशेन वर्षा भवति। .....
3. गजः चरणाभ्याम् चलति। .....
4. अहम् लेखः लिखामि। .....
5. हे लता! त्वम् पठ। .....
6. सा आवयोः मातरम् अस्ति। .....
7. सैनिकाः भारतस्य रक्षन्ति। .....
8. हे मित्रम्! सहायताम् कुरु। .....
9. जनाः नौकायाः नदीपारम् गच्छन्ति। .....
10. अहम् कलमात् लिखामि। .....

III. उचितं पदं चित्वा वाक्यानि पूरयत।

(उचित पद चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।)

1. छात्राः ..... पठन्ति। (ग्रन्थम्/ग्रन्थः)
2. जनाः ..... चलन्ति। (चरणाभ्याम्/चरणयोः)
3. खगाः ..... वसन्ति। (नीडानाम्/नीडेषु)
4. ओमप्रकाशः ..... गच्छति। (कारयानात्/कारयानेन)
5. शिशुः ..... रोदति। (क्रीडनाय/क्रीडनेन)
6. ..... रुप्यकम् अपतत्। (हस्तेन/हस्तात्)
7. वने ..... नृत्यति। (मयूरेण/मयूरः)
8. सूर्यः ..... भवति। (प्रकाशेन/प्रकाशाय)
9. ..... मम प्रणामाः। (मातृचरणयोः/मातृचरणाभ्याम्)
10. ..... प्रकाशः शीतलः भवति। (चन्द्रे/चन्द्रस्य)

IV. उचितं मेलनं कुरुत।

(उचित मिलान कीजिए।)

(क) चौरम्	(*i*) वषट्।
(ख) गृहम्	(*ii*) पूर्वम् निम्बवृक्षः।
(ग) इन्द्राय	(*iii*) उभयतः सैनिकौ।
(घ) गृहात्	(*iv*) ऋते न मुक्तिः।
(ङ) ज्ञानात्	(*v*) प्रति गच्छति।
(च) दुर्गम्	(*vi*) ..... नमः।
(छ) अध्यापिकायै	(*vii*) अभितः परिखा। (परिखा = खाई)

V. मञ्जूषातः उचितं पदं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत।

(मंजूषा से उचित पद चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।)

केन, मूर्तिकलायाम्, बालकेभ्यः, बाले, मार्गम्, सिंहात्, निर्धनेभ्यः, लक्ष्म्यै, पुत्रे, वार्त्तालापेन, अग्नये, कलहेन, धावने, आम्रेण, बालकाय

1. भरतः ..... न बिभेति।
2. ..... नमः।
3. माता ..... स्निह्यति।
4. अलम् .....
5. ..... स्वाहा।
6. अलम् .....
7. दिव्या ..... कुशला।
8. ..... सह लवणम् अपि आनय।
9. ..... पलाण्डुः न रोचते।
10. लीलावती ..... सह गच्छति?
11. समीहा ..... निपुणा।
12. ..... मिष्ठान्नानि रोचन्ते।
13. जनकः ..... स्निह्यति।
14. ..... अभितः पुष्पाणि।
15. सिद्धार्थः ..... वस्त्राणि यच्छति।

10 प्रत्ययाः

जो शब्दांश शब्द या धातुओं के पीछे लगकर उनके अर्थ में परिवर्तन ले आएँ, वे प्रत्यय कहलाते हैं। ये तीन प्रकार के हैं–कृत् प्रत्यय, तद्धित प्रत्यय तथा स्त्री प्रत्यय।

सप्तमी कक्षा में हम केवल कृत् प्रत्यय पढ़ेंगे।

कृत् प्रत्यय–जो प्रत्यय धातुओं के बाद में लगकर उन्हें संज्ञा, विशेषण और अव्यय बनाते हैं, उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं। इन प्रत्ययों के योग से बने शब्द कृदन्त कहलाते हैं। कुछ प्रमुख कृत् प्रत्यय निम्नलिखित हैं:

1. **क्त्वा प्रत्यय**–जब एक ही कर्ता एक क्रिया करके दूसरी क्रिया करे तो पहली क्रिया में करके अर्थ के लिए क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग होता है। इसका त्वा शेष रहता है।

	प्रकृति	+	प्रत्यय	=	पद	=	अर्थ
1.	√खाद्	+	क्त्वा	=	खादित्वा	=	खाकर
2.	√पठ्	+	क्त्वा	=	पठित्वा	=	पढ़कर
3.	√नम्	+	क्त्वा	=	नत्वा	=	नमस्कार करके
4.	√भू	+	क्त्वा	=	भूत्वा	=	होकर
5.	√श्रु	+	क्त्वा	=	श्रुत्वा	=	सुनकर
6.	√गम्	+	क्त्वा	=	गत्वा	=	जाकर
7.	√ज्ञा	+	क्त्वा	=	ज्ञात्वा	=	जानकर
8.	√लिख्	+	क्त्वा	=	लिखित्वा	=	लिखकर
9.	√कृ	+	क्त्वा	=	कृत्वा	=	करके
10.	√पा	+	क्त्वा	=	पीत्वा	=	पीकर

2. **ल्यप् प्रत्यय**–यदि धातु से पूर्व कोई भी उपसर्ग हो तो क्त्वा न होकर करके अर्थ के लिए ल्यप् हो जाता है। इसका 'य' शेष रहता है। इनकी पद संज्ञा होती है इसलिए रूप नहीं चलते।

	उपसर्ग	+	प्रकृति	+	प्रत्यय	=	पद	=	अर्थ
1.	सम्	+	√पठ्	+	ल्यप्	=	सम्पठ्य	=	अच्छी तरह पढ़कर
2.	वि	+	√स्मृ	+	ल्यप्	=	विस्मृत्य	=	भूलकर
3.	आ	+	√वृत्	+	ल्यप्	=	आवृत्य	=	दोहराकर
4.	वि	+	√ज्ञा	+	ल्यप्	=	विज्ञाय	=	जानकर

5. सम्	+	√पूज्	+	ल्यप्	=	सम्पूज्य	=	पूजा करके
6. प्र	+	√नम्	+	ल्यप्	=	प्रणम्य	=	प्रणाम करके
7. अव	+	√तृ	+	ल्यप्	=	अवतीर्य	=	उतरकर
8. आ	+	√गम्	+	ल्यप्	=	आगत्य/आगम्य	=	आकर
9. अनु	+	√भू	+	ल्यप्	=	अनुभूय	=	अनुभव करके
10. आ	+	√दा	+	ल्यप्	=	आदाय	=	लेकर

3. तुमुन् प्रत्यय–इस प्रत्यय का प्रयोग के लिए अर्थ में होता है तथा इसका उन् शेष रहता है।

मूल धातु	+	प्रत्यय	=	पद	=	अर्थ
1. √पठ्	+	तुमुन्	=	पठितुम्	=	पढ़ने के लिए
2. √चल्	+	तुमुन्	=	चलितुम्	=	चलने के लिए
3. √कृ	+	तुमुन्	=	कर्तुम्	=	करने के लिए
4. √नम्	+	तुमुन्	=	नन्तुम्	=	नमस्कार करने के लिए
5. √गम्	+	तुमुन्	=	गन्तुम्	=	जाने के लिए
6. √पा	+	तुमुन्	=	पातुम्	=	पीने के लिए
7. √हस्	+	तुमुन्	=	हसितुम्	=	हँसने के लिए
8. √लिख्	+	तुमुन्	=	लिखितुम्	=	लिखने के लिए
9. √श्रु	+	तुमुन्	=	श्रोतुम्	=	सुनने के लिए
10. √दा	+	तुमुन्	=	दातुम्	=	देने के लिए

4. तव्यत् प्रत्यय–इस प्रत्यय का प्रयोग चाहिए अर्थ और योग्य अर्थ के लिए होता है। इसका तव्य शेष रहता है, लेकिन इसके बाद शब्द विशेषण बनता है तथा विशेष्य के अनुसार तीनों लिंगों में रूप चलते हैं।

प्रकृति	+	प्रत्यय	=	शब्द	=	अर्थ
1. पठ्	+	तव्यत्	=	पठितव्य	=	पढ़ने योग्य
2. चल्	+	तव्यत्	=	चलितव्य	=	चलना चाहिए
3. नम्	+	तव्यत्	=	नन्तव्य	=	नमस्कार के योग्य
4. गम्	+	तव्यत्	=	गन्तव्य	=	जाने योग्य
5. लिख्	+	तव्यत्	=	लिखितव्य	=	लिखने योग्य

6. खाद्	+	तव्यत्	=	खादितव्य	=	खाने योग्य
7. धाव्	+	तव्यत्	=	धावितव्य	=	दौड़ने योग्य
8. कृ	+	तव्यत्	=	कर्त्तव्य	=	करना चाहिए
9. कथ्	+	तव्यत्	=	कथयितव्य	=	कहने योग्य
10. भू	+	तव्यत्	=	भवितव्य	=	होने योग्य

5. **अनीयर् प्रत्यय**–विशेषण बनाने के लिए अनीयर् प्रत्यय का प्रयोग भी चाहिए या योग्य अर्थ में होता है। इसका अनीय शेष रहता है।

प्रकृति	+	प्रत्यय	=	शब्द	=	अर्थ
1. कृ	+	अनीयर्	=	करणीय	=	करने योग्य
2. लिख्	+	अनीयर्	=	लेखनीय	=	लिखने योग्य
3. भू	+	अनीयर्	=	भवनीय	=	होने योग्य
4. शंस्	+	अनीयर्	=	शंसनीय	=	प्रशंसा योग्य
5. पठ्	+	अनीयर्	=	पठनीय	=	पढ़ने योग्य
6. गम्	+	अनीयर्	=	गमनीय	=	जाने योग्य
7. खाद्	+	अनीयर्	=	खादनीय	=	खाने योग्य
8. अर्थ	+	अनीयर्	=	अर्थनीय	=	पूजा योग्य

ध्यातव्यम्

- प्रत्यय मूल शब्द या मूल धातुओं के पीछे लगाए जाते हैं। इसलिए धातु के लिए √ का चिह्न तथा उपसर्ग के लिए (पूर्वक) का प्रयोग भी किया जाता है।

स्मरणीया: बिन्दव:

1. प्रत्यय तीन प्रकार के होते हैं–1. कृत् प्रत्यय, 2. तद्धित प्रत्यय तथा 3. स्त्री प्रत्यय।
2. धातुओं के बाद लगने वाले प्रत्यय कृत् प्रत्यय कहलाते हैं।
3. यदि धातु एक हो तब क्त्वा प्रत्ययांत तथा ल्यप् प्रत्ययांत पद पर्यायवाची ही होते हैं।
4. ल्यप् प्रत्यय केवल उपसर्गपूर्वक धातु के साथ ही लगता है।
5. अनीयर् तथा तव्यत् प्रत्यय के शब्द भी पर्यायवाची होते हैं।

प्रायोगिकाभ्यासः

I. अधोलिखितानां पदानां उचितं प्रकृति-प्रत्यय-विभागं प्रदत्तविकल्पेभ्यः चित्वा लिखत।

(नीचे लिखे शब्दों के उचित प्रकृति-प्रत्यय-विभाग दिए गए विकल्पों से चुनकर लिखिए।)

1. आप्त्वा (पाकर) ..... + ...

   (*i*) आ + क्त्वा (*ii*) आप् + त्वा (*iii*) आप् + क्त्वा

2. त्यक्त्वा (छोड़कर) ..... + ...

   (*i*) त्यज् + क्त्वा (*ii*) त्यक् + क्त्वा (*iii*) त्यक्त + वा

3. गत्वा (जाकर) ..... + ...

   (*i*) गम् + क्त्वा (*ii*) गम् + ल्यम् (*iii*) ग + त्वा

4. जित्वा (जीतकर) ..... + ...

   (*i*) जीत् + क्त्वा (*ii*) जित् + क्त्वा (*iii*) जि + क्त्वा

5. ज्ञात्वा (जानकर) ..... + ...

   (*i*) ज्ञान् + क्त्वा (*ii*) ज्ञा + क्त्वा (*iii*) ज्ञात् + क्त्वा

6. नीत्वा (लेकर) ..... + ...

   (*i*) नी + क्त्वा (*ii*) नि + क्त्वा (*iii*) नय + क्त्वा

7. नत्वा (झुककर) ..... + ...

   (*i*) नत् + क्त्वा (*ii*) नत् + कत्वा (*iii*) नम् + क्त्वा

8. कृत्वा (करके) ..... + ...

   (*i*) कृत् + वा (*ii*) क्री + क्त्वा (*iii*) कृ + क्त्वा

9. दत्वा (देकर) ..... + ...

   (*i*) दा + क्त्वा (*ii*) द + त्वा (*iii*) दत् + क्त्वा

10. नष्ट्वा (नष्ट होकर) ..... + ...

    (*i*) नष्ट + क्त्वा (*ii*) नश् + क्त्वा (*iii*) नष् + क्त्वा

II. निम्नलिखितपदेषु प्रकृतिप्रत्ययौ संयोज्य लिखत।

(निम्नलिखित पदों में प्रकृति और प्रत्यय जोड़कर लिखिए।)

1. √पच् + क्त्वा = ...
2. √दृश् + क्त्वा = ...
3. √प्रच्छ् + क्त्वा = ...
4. √पा + क्त्वा = ...
5. √छिद् + क्त्वा = ...
6. √लिख् + क्त्वा = ...
7. √भू + क्त्वा = ...
8. √वस् + क्त्वा = ...
9. वद् + क्त्वा = ...
10. नृत् + क्त्वा = ...

III. उचितं मेलनं कुरुत।

(उचित मिलान कीजिए।)

(क) मिलित्वा	(*i*) पढ़कर
(ख) घ्रात्वा	(*ii*) देखकर
(ग) क्रुद्ध्वा	(*iii*) पास जाकर
(घ) संपठ्य	(*iv*) काम से हटकर
(ङ) आगम्य	(*v*) मिलकर
(च) लिखित्वा	(*vi*) आकर
(छ) निवृत्य	(*vii*) क्रोधित होकर
(ज) उपगम्य	(*viii*) सूँघकर
(झ) संदृश्य	(*ix*) लिखकर

IV. मञ्जूषातः उचितं पदं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत।

(मंजूषा से उचित पद चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा करें।)

दातुम्, प्राप्तुम्, खेलितुम्, श्रोतुम्, स्थातव्यम्, लब्धुम्, खादितुम्, आनीय, आहूय, निर्गत्य

1. माता - हे पुत्र! पुस्तकम् ..... अत्र रक्ष।

   पुत्रः - कोऽपि अतिथिः द्वारे अस्ति।

2. माता-बहिः ..... पश्य, कः आगतः?

3. माता - अतिथिम् ..... शीघ्रं तस्मै जलं प्रयच्छ।

4. पुत्रः - भो आगन्तुक! त्वम् किम् ..... इच्छसि।

5. आगन्तुकः - अहम् क्षुधया पीडितः अस्मि। अत्र भोजनं ..... आगतः।

6. पुत्रः - तव स्वागतम्! त्वया अत्र ..... एव।

7. आगन्तुकः - अहम् मधुरम् संगीतम् अपि ..... इच्छामि।

8. पुत्रः - भोजनं कृत्वा किम् मया सह ..... इच्छसि?

9. अहम् तुभ्यम् स्वकन्दुकम् अपि ..... इच्छामि।

10. आगन्तुकः - आम्, अहम् कन्दुकम् ..... इच्छामि।

V. अधोलिखितपदेषु प्रकृति-प्रत्यय-विग्रहं कुरुत।

(निम्नलिखित पदों में प्रकृति-प्रत्यय का विग्रह करें।)

1. सोढुम्	.....	2. भवितुम्	.....
3. कोपितुम्	.....	4. स्नातुम्	.....
5. स्थातुम्	.....	6. द्रष्टुम्	.....
7. गन्तुम्	.....	8. गातुम्	.....
9. पातुम्	.....	10. ग्रहीतुम्	.....

VI. निम्नांकितपदेषु प्रकृतिप्रत्ययोः विभागं संयोगं वा कुरुत।

(निम्नलिखित पदों में धातु व प्रत्यय का विभाग अथवा संयोग करें।)

1. ग्रह् + तुमुन् (ग्रहण करने के लिए) = ...

2. ताडयितुम् (पीटने के लिए) = ... + ...

3. पाल् + तुमुन् (पालने के लिए) = ...

4. लेखितुम् (लिखने के लिए) = ... + ...

5. वदितुम् (बोलने के लिए) = ... + ...

6. खेल् + तव्यत् (खेलने योग्य) = ...

7. ज्ञा + तव्यत् (जानने योग्य) = ...

8. जि + तव्यत् (जीतने योग्य) = ...

9. नी + तव्यत् (ले जाने योग्य) = ...

10. श्रु + तव्यत् (सुनने योग्य) = ...

VII. प्रकृतिप्रत्ययोः विभागं शुद्धं कृत्वा पुनः लिखत।

(प्रकृति-प्रत्यय के विभाग को शुद्ध करके पुनः लिखिए।)

1. स्प्रष्टव्य (छूने योग्य) = स्प्रष्ट + तव्यत् = ...

2. वक्तव्य (बोलने योग्य) = वद् + तव्यत् = ...

3. सोढव्य (सहने योग्य) = सो + अनीयर् = ...

4. करणीय (करने के योग्य) = करण + अनीयर् = ...

5. दर्शनीय (देखने के योग्य) = दर्श + अनीयर् = ...

6. भवनीय (होने के योग्य) = भव + अनीयर् = ...

7. कथनीय (कहने के योग्य) = कथ् + नीय = ...

8. खादनीय (खाने के योग्य) = खद् + अनीयर् = ...

9. क्रन्दनीय (चिल्लाने के योग्य) = क्रन्द् + अनीय = ...

10. दण्डनीय (दण्ड देने योग्य) = दण् + डनीयर् = ...

11. चोरणीय (चुराने योग्य) = चोर् + अनीयर् = ...

12. चिन्तनीय (सोचने योग्य) = चिन् + तनीयर् = ...

13. गमनीय (जाने योग्य) = गै + अनीयर् = ...

14. गन्तुम् (जाने के लिए) = गन + तुमुन् = ...

15. लिखितुम् (लिखने के लिए) = लिख् + तुम् = ...

11 अशुद्धिसंशोधनम्

वाक्यों में अशुद्धिशोधन करते समय सर्वप्रथम अशुद्धि किस तरह की है, यह समझना चाहिए। यह अशुद्धि वचन, लिंग, पुरुष, लकार या विभक्ति किसी के भी प्रयोग में हो सकती है। एक बार अशुद्धि शब्द को समझते ही उससे संबंधित नियम का ध्यान करके उसे शुद्ध किया जा सकता है। बार-बार शुद्ध वाक्यों को बोलकर व पढ़कर अभ्यास किया जाए अर्थात् संस्कृत साहित्य पढ़ा जाए तो स्वत: ही अशुद्धि को शुद्ध किया जा सकता है। कुछ उदाहरण देखिए-

1. सरोवरे अनेके मीनौ तरत: स्म। यहाँ अनेक शब्द 'मीन' के लिए आया है। अत: दोनों में समान विभक्ति, वचन व लिंग का प्रयोग होगा। अत: अनेक शब्द में भी प्रथमा विभक्ति, द्विवचन अनेकौ ही शुद्ध होगा।
2. किम् त्वम् अपि तत्र पठति? इस उदाहरण में त्वम् मध्यम पुरुष का एकवचन का कर्ता है। अतएव इसके साथ मध्यम पुरुष एकवचन की ही क्रिया पठसि लगनी चाहिए।
3. वृक्षात् पत्रा: पतन्ति। इस वाक्य में पत्र शब्द का रूप पुंल्लिंग में दिया गया है जो अशुद्ध है, क्योंकि पत्र शब्द नपुंसकलिंग है। शुद्ध रूप होगा पत्राणि।
4. नृप: याचकं धनं यच्छति। प्रस्तुत उदाहरण में याचकं पद में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग किया जाना चाहिए, क्योंकि दा धातु के साथ हमेशा चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।
5. स: ह्य: विद्यालयम् न गमिष्यति। इस उदाहरण में लकार की अशुद्धि है। गम् धातु में लृट् लकार का प्रयोग किया गया है, जबकि ह्य: का अर्थ है-बीत चुका कल। अत: ह्य: के साथ भूतकाल हेतु लङ् लकार अगच्छत् ही शुद्ध होगा।

ध्यातव्यम्

- वाक्य में से केवल दोष को बदलकर वाक्य शुद्ध कर देना चाहिए। किसी अन्य शुद्ध पद में परिवर्तन नहीं करना चाहिए।
- अशुद्धि का संशोधन करने से पूर्व सभी रूप, कारक नियम, विशेष्य, विशेषण संबंधी नियम इत्यादि को ध्यानपूर्वक समझ लेना चाहिए।
- अशुद्धि क्या है यह समझ आने पर सभी नियमों को ध्यान में रखते हुए उसे शुद्ध करना चाहिए। शुद्ध करते समय वर्तनी का भी अवश्य ध्यान रखें।
- भवत् के शब्द रूपों के साथ क्रियापद जोड़ने के लिए प्रथम पुरुष का ही प्रयोग होता है। ऐसे सभी विशेष नियम या अपवादों को ध्यान में रखकर संशोधन करना चाहिए।
- यदि संख्या एक से चार तक है तब स्त्रीलिंग शब्दों के साथ संख्यावाची पदों के स्त्रीलिंग रूप का प्रयोग होता है इसी तरह पुंल्लिंग शब्दों के साथ पुंल्लिंग तथा नपुंसकलिंग शब्दों के साथ नपुंसकलिंग रूपों का प्रयोग होता है।
- एकवचन के कर्ता के साथ एकवचन, द्विवचन के साथ द्विवचन तथा बहुवचन के साथ बहुवचन संख्यावाची शब्दों का प्रयोग होता है।

प्रायोगिकाभ्यासः

I. निम्नलिखितवाक्येषु रञ्जितपदानां वचनं संशोध्य वाक्यानि पुनः लिखत।

(निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन पदों के वचन को शुद्ध कर वाक्यों को पुनः लिखिए।)

1. ऋचे पञ्चवादने उतिष्ठति। .....
2. तत्र द्वौ गायकः गायतः। .....
3. ते लताः पतत:। .....
4. दशरथस्य चत्वारः पुत्रः आसन्। .....
5. कपयः चणकान् खादति। .....

II. निम्नलिखितवाक्येषु रञ्जितपदानां लिङ्गं शुद्धं कृत्वा वाक्यानि पुनः लिखत।

(निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन पदों के लिंग को शुद्ध करके वाक्यों को पुन लिखिए।)

1. मार्गम् उभयतः वृक्षाणि सन्ति। .....
2. तव मित्रः आगच्छति। .....
3. आत्मा अजरा अमरा च भवति। .....
4. सुगन्धितः पवना वहति। .....
5. अग्निः प्रज्वलिता भवति। .....

III. अधोलिखितवाक्येषु रञ्जितपदान् शुद्धं कृत्वा वाक्यानि पुनः लिखत।

(निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन पदों को शुद्ध करके वाक्यों को पुनः लिखिए।)

1. भवती किम् कार्यम् करोषि? .....
2. भवान् अत्र आसन्दिकायाम् तिष्ठ। .....
3. अहम् अद्य विद्यालयम् न गमिष्यसि। .....
4. युवाम् क्रीडाक्षेत्रे कन्दुकेन क्रीडेताम्। .....
5. भरतस्य राज्याभिषेकः अभवः। .....

IV. अधोलिखितवाक्येषु रञ्जितपदानां लकारं शुद्धं कृत्वा लिखत।

(निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन पदों के लकार को शुद्ध करके लिखिए।)

1. अहम् ह्यः पितामहस्य गृहम् गमिष्यामि। .....
2. शिशुः इदानीम् क्रीडनकेन अक्रीडम्। .....
3. श्वः मम पितृव्या गृहम् आगच्छति। .....
4. अधुना अहम् चिकित्सालयम् गच्छेयम्। .....
5. पुरा एकः अशोकः नृपः भविष्यति। .....

V. अधोलिखितवाक्येषु रञ्जितपदानां विभक्तिं संशोध्य लिखत।

(निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।)

1. लता भ्रातुः सह पटेलनगरं गच्छति। .....
2. नराः तु चरणैः चलन्ति। .....
3. रामः वाणात् रावणम् अमारयत्। .....
4. कक्षायाम् कोलाहलाय अलम्। .....
5. ओऽम् भगवते वासुदेवम् नमः। .....

VI. उपपदविभक्त्यानुसारं वाक्यानि शुद्धं कुरुत।

(उपपद विभक्तियों के अनुसार वाक्यों को शुद्ध कीजिए।)

1. पिता बालकम् फलं यच्छति। .....
2. माम् संस्कृतपठनं रोचते। .....
3. श्रीगणेशं नमः। .....
4. मार्गस्य उभयतः वृक्षाणि सन्ति। .....
5. रोहितः सुमितं सह क्रीडति। .....
6. अखिलः पाककलायाः निपुणः। .....
7. कविभ्यः कालिदासः श्रेष्ठः। .....
8. वानरः वृक्षेण पतति। .....
9. एतत् दुग्धं बालेन अलम्। .....
10. विद्यालयं पुरतः सरणिः अस्ति। .....



खण्ड 'ख'

रचनात्मकं कार्यम्

12 पत्रलेखनम्

पत्र लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए :

1. पत्र संक्षिप्त एवं सारगर्भित होना चाहिए।
2. पारिवारिक पत्रों के शुरू में स्नेही, प्रिय, पूज्या, पूज्यः एवं अन्य पत्रों के शुरू में महोदया, माननीयः, माननीया आदि आवश्यकतानुसार लिखना चाहिए।
3. अनौपचारिक पारिवारिक पत्रों के अंत में भवदीयः पुत्रः इत्यादि तथा औपचारिक पत्रों के अंत में भवदीयः, विश्वासपात्रः अथवा भवदीया, शिष्या इत्यादि लिखना चाहिए।
4. मंजूषा के पद पत्र में लिखते समय वर्तनी को जाँच लेना चाहिए।

उदाहरण देखिए–

1. शुल्कक्षमापनाय प्रधानाध्यापकं प्रति पत्रम्।

(शुल्क क्षमा करने के लिए प्रधानाध्यापक के प्रति पत्र।)

श्रीमान् मुख्याध्यापक महोदयः,

उच्चतरः माध्यमिकः विद्यालयः,

राजेन्द्रनगरम्, नवदेहली

श्रीमन्!

सेवायाम् सविनयम् (1) **निवेदनम्** अस्ति। यत् मम पिता एकः (2) **लिपिकः** अस्ति। तस्य (3) **वेतनम्** पञ्चशतमेव अस्ति। मम परिवारे चत्वारः (4) **सदस्याः** सन्ति। तेषां पालनपोषणम् (5) **अतिकठिनम्**। विद्यालयस्य शिक्षा-शुल्क-प्रदानं तु कठिनतरं (6) **भवति**। धनाभावेन कदाचित् मम अध्ययने (7) **व्यवधानम्** न स्यात्। अतः मम प्रार्थना (8) **यत्** शिक्षा-शुल्क-प्रदानात् (9) **मोचयित्वा** माम् (10) **अनुगृह्णन्तु**।

भवदीया शिष्या

समीहा

कक्षा- सप्तमी 'ब'

अनुक्रमांक- पञ्चदश

लिपिकः, सदस्याः, निवेदनम्, वेतनम्, अतिकठिनम्, व्यवधानम्, भवति, अनुगृह्णन्तु, मोचयित्वा, यत्

2. आकस्मिक अनुपस्थितिवशात् प्राचार्यमहोदयं प्रति क्षमायाचना पत्रम्।

(बिना अवकाश लिए अनुपस्थित होने पर प्राचार्य महोदय से क्षमा-याचना पत्र।)

श्री प्राचार्यमहोदयः,

उच्चतरः माध्यमिकः विद्यालयः,

मालवीयनगरम्, जयपुरम्।

श्रीमन्!

अहम् (1) **गते** सप्ताहे अष्टम्यां तिथौ (2) **गृहस्य** अनिवार्यकार्यवशात् (3) **विद्यालयात्** अनुपस्थितः (4) **आसम्**। तेन अहम् द्विरुप्यकशुल्कदण्डेन (5) **दण्डिता** अस्मि। अहम् कदापि बिना अवकाशम् अनुपस्थितः न तिष्ठामि। अयम् प्रथमः एव (6) **अवसरः**। तस्मात् तस्मिन् दिवसे (7) **मम** अनुपस्थितिः (8) **भवता** क्षन्तव्या (9) **इति** निवेदनम्।

(10) **भवदीया शिष्या**

रजनी,

कक्षा- सप्तमी 'अ'

अनुक्रमांकः-दश

भवदीया शिष्या, मम, गते, इति, भवता, दण्डिता, अवसरः, विद्यालयात्, गृहस्य, आसम्।

ध्यातव्यम्

- मंजूषा में दिए सभी शब्दों को ध्यान से पढ़कर समझ लें फिर भरना शुरू करें।
- पूरे पत्र को पुनः लिखें।
- उत्तरों पर सही संख्या डालकर पत्र में उन्हें रेखांकित करें।

स्मरणीयाः बिन्दवः

1. पत्र पुनः उत्तर पुस्तिका में लिखते समय वर्तनी का ध्यान रखें, विशेषकर मंजूषा के शब्दों की।
2. प्रश्न को ध्यान से पढ़कर संबोधित किसे करना है तथा भवदीया या भवदीय के बाद क्या नाम लिखना है इसका निर्णय करें।

प्रायोगिकाभ्यासः

• **मञ्जूषाप्रदत्तपदानां सहायतया पत्रं सम्पूर्णं कुरुत।**

(मंजूषा में दिए गए पदों की सहायता से पत्र पूर्ण कीजिए।)

1. पुस्तकानि प्रेषणाय पुस्तक प्रकाशकं प्रति पत्रं लिखत।

(पुस्तक भेजने के लिए पुस्तक प्रकाशक के प्रति पत्र लिखिए।)

26, साध्वीछात्रावासः,
पटेलनगरम्,
नवदेहली
तिथि : 04-04-20XX

मैसर्स : न्यू सरस्वती हाउस (इंडिया) प्रा० लिमिटेड
दरियागंज, नवदेहली।

श्रीमन्!

नमस्कारः।

सेवायाम् (1)..... निवेदनम् (2)..... अहम् (3)..... कानिचित् पुस्तकानि (4)..... इच्छामि यानि, (5)..... भवत्सकाशात् (6)..... । कृपया (7)..... तानि यथानिर्देशम् (8)..... सविधे (9)..... प्रदेय शुल्क-पार्सलमाधयमेन (वी०पी०पी०) (10)..... ।

पुस्तक का नाम	प्रति	प्रकाशक
नई दीप मणिका भाग-2	एका	न्यू सरस्वती हाउस (इंडिया) प्रा० लिमिटेड
मणिका संस्कृत व्याकरणम्	एका	न्यू सरस्वती हाउस (इंडिया) प्रा० लिमिटेड

सधन्यवादम्!

भवदीयः विश्वस्तः
चिनॉयः।

यत्, अधोलिखितानि, इदम्, मन्ये, मम, क्रेतुम्, भवता, सुलभानि, प्रेषणीयानि, अचिरात्

2. सद्वृत्तिप्रमाणपत्राय आचार्यं प्रति पत्रं लिखत।

(सद्वृत्तिप्रमाण-पत्र के लिए आचार्य को पत्र लिखिए।)

5, पटेलनगरम्,
नवदेहली
तिथि : 05-10-20XX

मान्यमहानुभाव!

सादरं नमामि।

सेवायाम् इदं (1)..... यत् मया (2)..... एव (3)..... भवतां (4)..... प्रावेशिकी परीक्षा द्वितीयश्रेण्याम् (5)..... । मम विद्यालयस्य क्रमांकः दशम्याः कक्षायाः (6)..... इति अभूत्। अहम् पादकन्दुकक्रीडायाः प्रमुखः क्रीडकः आसम्। (7)..... आचरणम् (8)..... आसीत्। इदानीम् अहम् काञ्चन सेवां लब्धुम् यत्नवान् (9)..... । कृपया (10)..... मम सद्वृत्तिप्रमाणपत्रं मम परिचयेन प्रेषणीयम्।

धन्यवादः!

भवदीयः प्रियः शिष्यः

भरतः

यथाशीघ्रम्, निवेदनम्, विद्यालयात्, मम, अस्मिन्, त्रिंशत्, विशुद्धम्, वर्षे, उत्तीर्णा, अस्मि

3. अग्रजस्य विवाहार्थम् दिनत्रयस्य अवकाश हेतु प्रधानाचार्यां प्रति पत्रं लिखत।

(अपने बड़े भाई के विवाह के लिए तीन दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।)

श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदयः,

रमण उच्चतर माध्यमिक विद्यालयः,

आगरा।

तिथि : 04-11-20XX

श्रीमन्!

सेवायाम् (1)..... निवेदनम् (2)..... यत् मम ज्येष्ठस्य (3)..... विवाहः (4)..... भविष्यति। (5)..... तु वाराणसीम् गमिष्यति। अतः (6)..... दिनत्रयस्य (7)..... प्रदाय (8)..... । (9)..... ।

भवदीया (10) .....

सुप्रिया

कक्षा-सप्तमी 'अ'

अनुक्रमांकः-त्रयोविंशतिः

अस्ति, इदम्, परश्वः, मह्यम्, अनुगृह्णन्तु, भ्रातुः, वरयात्रा, अवकाशं, शिष्या, धन्यवादः

4. स्वदूरभाषयन्त्रस्य निष्क्रियतां दूरीकर्तुं दूरभाषकेन्द्रस्य निदेशकं प्रति पत्रं लिखत।

(दूरभाष यंत्र की निष्क्रियता दूर करने के लिए दूरभाष केंद्र के निदेशक के प्रति पत्र लिखिए।)

गृह संख्या 50/2,

लाजपतनगरम्,

नवदेहली

तिथि : 01-10-20XX

सविधे,

निदेशक महोदय!

दूरभाषकेंद्रम्

लाजपतनगरम्, नवदेहली।

विषय:–दूरभाषस्य निष्क्रियता।

मान्य:,

मम गृहस्य दूरभाष: (1)..... कार्यम् न करोति। दूरभाषस्य संख्या 25410193 इति अस्ति। वयम् (2)..... अनुभवाम:। (3)..... शीघ्रम् (4)..... विकृतिम् (5)..... अस्माकम् (6)..... कुर्वन्तु, इति (7)..... प्रार्थना (8) .....।

(9).....।

निवेदक:

(10) .....।

बहुकष्टम्, दूरभाषस्य, दूरीकृत्य, सहायताम्, मम, गतसप्ताहात्, कृपया, अस्ति, हेमन्त:, धन्यवाद:

5. स्वविद्यालयस्य वार्षिकोत्सवं वर्णयन् पितरं प्रति पत्रमेकं लिखत।

(अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए पिता के प्रति एक पत्र लिखिए।)

चिन्मय: छात्रावास:

नवदेहली

तिथि : 10-09-20XX

परमपूज्याय जनकाय नम:!

अत्र सर्वम् कुशलं तत्रास्तु।

गते (1).....अस्माकम् (2).....वार्षिकोत्सव: (3).....। अस्मिन् उत्सवे (4).....प्रमुखातिथि: आसीत्। अस्माकम् विद्यालये अनेके सांस्कृतिका: (5)..... अभवन् केचन् छात्रा: अगायन् केचन् च अनृत्यन्। प्राचार्य: विद्यालयस्य (6).....अपठत्। शिक्षानिदेशक: (7).....अकरोत्। अहम् अपि (8).....प्राप्तवती यत: अहम् कक्षायाम् प्रथमम् स्थानम् (9).....। मातृचरणयो: मम प्रणामा:।

(10).....पुत्री

ऋचा

भवदीया, पुरस्कारम्, विद्यालयस्य, प्रतिवेदनम्, सप्ताहे, लब्धवती, शिक्षानिदेशक:, पुरस्कारवितरणम्, अभवत्, कार्यक्रमा:

6. जन्तुशालाभ्रमणवर्णयन् स्वभगिनीम् प्रति पत्रम् लिखत।

(अपनी बहन को जंतुशाला भ्रमण के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए।)

स्वामिनाथन् छात्रावासतः,

हैदराबादः

तिथि : 20-11-20XX

प्रिय भगिनी श्रुति,

अत्र छात्रावासे (1).....कुशलाः स्मः, मन्ये तत्र (2).....कुशलम् (3).....। ह्यः वयम् सर्वे छात्राः (4).....जन्तुशालाम् (5)..... अगच्छन्। जन्तुशाला तु (6).....आसीत्। अहम् तत्र सर्वप्रथमम् ऊदबिडालान् (7).....। तत्र श्वेतसिंहाः, केसरिणः, व्याघ्राः (8).....भ्रमन्ति स्म। जिराफाः, गजाः, मृगाः इत्यादयः तु स्वतंत्राः (9)..... स्म। वयं दूरतः एव तान् द्रष्टुं (10)..... स्म। तत्र अनेके विचित्राः पक्षिणः अपि पंजरे विलसन्ति स्म। अहम् त्वाम् अपि कदाचित् इमाम् जन्तुशालाम् नेष्यामि। मातृपितृचरणयोः शतप्रणामाः।

भवदीयाग्रजः

समयः

समर्थाः, पञ्जरे, भ्रमन्ति, अपश्यम्, विशाला, द्रष्टुम्, हैदराबादनगरस्य, सर्वम्, वयम्, अस्ति

13 वार्त्तालापः

वार्त्तालाप या संवाद भी संकेताधारित ही होता है। अतः इसे भी पुनः उत्तर पुस्तिका में पूरा लिखना चाहिए। पूरे संवाद को ध्यान से पढ़कर पहले तथा बाद वाले वाक्यों को ध्यान में रखकर संवाद पूर्ति की जानी चाहिए। वार्त्तालाप प्रश्नात्मक है या आदेशात्मक यह भी ध्यान में रखना चाहिए। उत्तर के शब्द वाक्य में रेखांकित करने चाहिए। वर्तनी का भी ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए निम्नलिखित संवाद देखिए:

स्नेहा – त्वम् कुत्र गच्छसि?

ऋचा – अहम् विश्वविद्यालये गच्छामि।

स्नेहा – त्वम् तत्र कस्मिन् विषये प्रवेशं प्राप्त्यर्थम् गच्छसि?

ऋचा – अहम् तु संस्कृतस्य अध्ययनं कृत्वा वास्तुकलायाः क्षेत्रे प्रवेशप्राप्तुम् इच्छामि।

स्नेहा – तर्हि अत्र आगच्छ प्रथमं मया सह कार्यालयं गत्वा प्रवेशपत्रं पूरय।

ऋचा – अस्तु। शीघ्रं चल।

त्वम्, अहम्, गच्छसि, अत्र, इच्छामि

ध्यातव्यम्

- संवाद को पहले दो-तीन बार पूरा पढ़ें।
- पहले तथा बाद के वाक्यों को पढ़कर रिक्त स्थान भरें, क्योंकि उत्तर उन्हीं दो वाक्यों को देखकर मिल जाएगा।
- काल तथा लिंग का उचित प्रयोग होना चाहिए तथा वार्त्तालाप के अनुसार ही होना चाहिए।
- वाक्यों में परस्पर संबंध होना चाहिए।
- वाक्य संक्षिप्त होने चाहिए तथा उनका अनावश्यक विस्तार नहीं करना चाहिए
- यह ध्यान रखना चाहिए कि वाक्यपूर्ति के लिए उत्तर हमेशा वार्त्तालाप से ही प्राप्त हो जाते हैं।

स्मरणीयाः बिन्दवः

1. उत्तर के शब्दों या वाक्यों को रेखांकित कर देना चाहिए।
2. वर्तनी शुद्ध रखनी चाहिए।

प्रायोगिकाभ्यासः

• **मञ्जूषायाः सहायतया अधोलिखितसंवादानां रिक्तस्थानेषु उचितपदानि पूरयत।**

(मञ्जूषा की सहायता से नीचे लिखे संवादों के रिक्त स्थान में उचित पद भरिए।)

1. **राधा** – हे वीराः! यूयम् कुत्र गच्छथ?
   सैनिकः – राधे वयम् कश्मीरप्रदेशम् प्रति (1) ..... ।
   सन्दीपः – किं त्वं तत्र गत्वा(2) ..... रक्षसि?
   सैनिकः – आम्, अहं देशं (3) ..... ।
   हेमन्तः – भो सैनिक! तव हस्ते इदम् (4) ..... अस्ति?
   सैनिकः – मम हस्ते भुशुण्डी (5) ..... ।
   सन्दीपः – भो सैनिकाः शुभस्ते पन्थानः सन्तु।

   अस्ति, रक्षामि, किम्, देशम्, गच्छामः

2. **साहिलः** – हे समीहे! मह्यं कन्दुकं (1) ..... ।
   समीहा – अहं तु कन्दुकेन (2) ..... । त्वं अन्यं क्रीडनकं नीत्वा क्रीड।
   श्रेयः – भो समीहे! साहिलः तु तव अनुजः (3) ..... अतः त्वम् (4) ..... कन्दुकम् यच्छ।
   समीहा – आगच्छ साहिल! (5) ..... नय।

   क्रीडामि, तस्मै, अस्ति, कन्दुकम्, यच्छ

3. **अर्चना** – हे कविते! किम् त्वम् (1) ..... विद्यालयम् गमिष्यसि?
   कविता – नैव श्वः तु शनिवासरः अस्ति अतएव मम (2) ..... अस्ति।
   दिव्या – तर्हि अद्य सायंकाले कुत्रचित् (3) ..... चलिष्यामः।
   वन्दना – अस्तु, अप्पुगृहे चलिष्यामः तत्र 'ऑयेस्टर' इत्यस्मिन् स्थाने सानन्दम् (4) ..... ।
   सुमायरा – तर्हि शीघ्रं चल तत्परा च (5) ..... ।

   अवकाशः, भव, भ्रमणाय, श्वः, विहरिष्यामः

4. **राकेशः** – हे विजय! त्वम् कुत्र (1) ..... ?
   विजयः – अहम् तु फलानि क्रेतुम् विपणम् (2) ..... ।
   सुधीरः – तिष्ठ! आवाम् अपि त्वया (3) ..... चलिष्यावः।
   विजयः – युवाम् किम् (4) ..... इच्छथः?
   राकेशः – आवाम् तु स्वानुजाय एकं क्रीडनकं क्रेतुम् (5) ..... ।

   गच्छामि, क्रेतुम्, सह, गच्छसि, इच्छावः

5. **शशांकः** – तव अभिधानम् (1) ..... अस्ति?
   सचिनः – मम नाम तु सचिनः (2) ..... ।
   मनुः – त्वम् (3) ..... खादसि?
   सचिनः – अहम् तु 'पास्ता' इति भोग्यम् (4) ..... ।
   शशांकः – मह्यम् अपि (5) ..... रोचते।

   किम्, खादामि, अस्ति, पास्ता, किम्

6. **गिरिः** – हे कमले! शीघ्रम् उपरि (1) ..... ।
कमला – हे अनुज! आगच्छामि, कथय किम् (2) ..... ?
गिरिः – अहं तु त्वां एकं तारकं दर्शयितुम् (3) ..... ।
कमला – (दृष्ट्वा) न एतत् (4) ..... एतत् तु मंगलग्रहं यत् भासते आकाशे। किं त्वं समाचारान् न शृणोषि यत् वयम् अद्यत्वे मंगलग्रहं स्वनेत्राभ्याम् (5) ..... समर्थाः। एतत् तु तदेव मंगलग्रहम्।

तारकम्, कथयसि, द्रष्टुम्, इच्छामि, आगच्छ

7. **छात्राः** – गुरवे नमः।
अध्यापकः – नमस्कारः स्वस्थाने (1) ..... ।
छात्राः – अद्य वयं कं पाठं (2) ..... ?
अध्यापकः – अद्य (3) ..... संस्कृतग्रामः इति पाठं पाठयामि।
छात्राः – भो अध्यापक! किम् भवान् (4) ..... अगच्छत्?
अध्यापकः – आम्! कर्णाटके एकः (5) ..... अस्ति। किं जानासि ग्रामे सर्वे जनाः संस्कृतेन एव वार्तालापं कुर्वन्ति?

अहम्, तत्रः, तिष्ठत, संस्कृतग्रामः, पठिष्यामः।

8. **सृजनः** – मित्र! तव किं ..... अस्ति?
समीहा – मम अभिधानम् समीहा अस्ति।
सृजनः – हे समीहे ..... कुत्र वससि?
समीहा – मित्र! अहम् तु फिलिपिन्स इति देशे वसामि? तव अभिधानम् कि ..... ?
सृजनः – मम नाम सृजनः अस्ति।
